हिरासत में हुई मौतों के लिए मुआवजा

2956. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उच्चतम न्यायालय ने पुलिस/सरकारी हिरासत में मरने वाले व्यक्तियों के निकट संबंधियों को दिए जाने वाले मुआवजे के संबंध में कोई धन राशि निर्धारित की है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इसे लागू करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) से (ग) उच्चतम न्यायालय से प्राप्त सूचना के अनुसार उच्चतम न्यायालय ने, पुलिस/सरकारी हिरासत में मरने वाले व्यक्तियों के संबंधियों को भुगतान किए जाने वाले मुआवजे की राशि के बारे में सामान्यत: कोई मानक निर्धारित नहीं किए हैं।

शिव सेना द्वारा मोसाद की तरह का दस्ता

2957. **श्री मौलाना आबेदुल्ला खान आजमी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 10 मई, 1992 के "टाइम्स आफ इंडिया" में "मोसाद टाइप स्क्वॉड शिव-सेना" शीर्षक से छपे समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या देश के संविधान और कानून के अन्तर्गत व्यक्तियों और गैर-सरकारी संगठनों को समानान्तर सरकार के समान ऐसे दस्ते बनाने की अनुमति है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) से (घ) लोक व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। इसलिए महाराष्ट्र सरकार से एक रिपोर्ट मंगाई है और प्राप्त होने पर सदन के पटल पर रख दी जाएगी

Formation of International Trust by Roerich

2958. SHRI INDER KUMAR GUJRAL; Will the.Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the on-going controversy regarding properties of Mr. and Mrs. Roerich in Bangalore;

(b) whether an Intarnational Trust has been formed by the ROERICHS to take charge of their properties, particularly their paintings and other art collections; and

(c) whether the Central Government have been in touch with the State Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): (a) to (c) Information is being collected from the State Government and will be laid on the Table of th$_e$ House.